भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1390**

**04 दिसंबर, 2024 के लिए प्रश्न**

**राशन कार्डों का डिजिटलीकरण**

1390. **श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटील:**
**श्री बजरंग मनोहर सोनवणे:**
**श्रीमती सुप्रिया सुले:**
**श्री अमर शरदराव काले:**
**श्री संजय दीना पाटिल:**
**प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:**
**श्री भास्कर मुरलीधर भगरे:**
**डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे:**
**श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) संपूर्ण देश में राशन कार्डों के डिजिटलीकरण की वर्तमान स्थिति क्या है और डिजिटलीकृत किए गए राशन कार्डों की राज्य-वार सूची क्या है;

(ख) पारदर्शिता सुनिश्चित करने और दोहराव को रोकने के लिए राशन कार्डों को आधार से जोड़ने के कार्य में कितनी प्रगति हुई है तथा अब तक जोड़े गए कार्डों के प्रतिशत के संबंध में आंकड़े क्या हैं;

(ग) क्या भौतिक कार्डों को प्रतिस्थापित करने के लिए राज्यों में पूर्णतः डिजिटल अथवा ई-राशन कार्ड जारी करने की कोई योजना है और यदि हां, तो इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(घ) चालू वित्त वर्ष में राशन कार्डों के डिजिटलीकरण के लिए कितनी धनराशि आवंटित/व्यय की गई है;

(ङ.) क्या सरकार ने त्रुटियों, दोहराव और धोखाधड़ी को कम करने में राशन कार्डों के डिजिटलीकरण के प्रभाव के संबंध में कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार को ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में राशन कार्डों के डिजिटलीकरण में किन्हीं चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो इन बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार क्या उपाय कर रही है; और

(छ) सरकार द्वारा राशन कार्डों के डिजिटलीकरण और लाभार्थियों द्वारा उनके ब्यौरे को अद्यतन करने की प्रक्रिया के बारे में जनजागरूकता में वृद्धि करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क) और (ख):** प्रौद्योगिकी-संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) सुधारों के भाग के रूप में, सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राशन कार्डों/लाभार्थियों के डेटाबेस को 100% डिजिटाइज़ कर दिया गया है। वर्तमान में, राष्ट्रीय स्तर पर 99.8% राशन कार्ड आधार संख्या से जुड़े हुए हैं। राशन कार्ड और आधार सीडिंग की राज्यवार संख्या को दर्शाता विवरण **अनुबंध-I** में है।

**(ग) और (घ):** सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राशन कार्डों/लाभार्थियों के डेटाबेस को पूर्णतः डिजिटाइज़ कर दिया गया है और वर्तमान वित्त वर्ष में राशन कार्डों के डिजिटाइज़ेशन हेतु कोई धनराशि आवंटित/व्यय नहीं की गई है।

**(ड.):** ऐसा कोई विशिष्ट मूल्यांकन नहीं किया गया है। तथापि राशन कार्डों के डिजिटाइज़ेशन से दोहराव को रोकने में सहायता मिली है। अब तक 45,16,519 राशन कार्डों के दोहराव को रोक दिया गया है।

**(च):** चूंकि सभी राशन कार्डों को डिजिटाइज़ कर दिया गया है अतः सरकार के सामने कोई चुनौती नहीं है।

**(छ):** राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सलाह दी गई है कि वे प्रत्येक चिन्हित किए गए मामले का उचित सत्यापन (क्षेत्र सत्यापन सहित) करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राशन कार्ड अद्यतन हैं।

*****

**अनुबंध-I**

**लोक सभा में दिनांक 04.12.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1390 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में उल्लिखित अनुबंध**

राशन कार्डों और आधार सीडिंग की राज्यवार संख्या को दर्शाता विवरण

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | केंद्रीय प्रणाली में कुल राशन कार्ड | राशन कार्डों का डिजिटाइज़ेशन | आधार से जुड़े कुल राशन कार्ड | राशन कार्डों की सीडिंग का % |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 17,190 | 100% | 17,190 | 100% |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 89,35,525 | 100% | 89,35,525 | 100% |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,86,409 | 100% | 1,50,275 | 81% |
| 4 | असम | 72,06,695 | 100% | 71,94,031 | 100% |
| 5 | बिहार | 1,99,18,079 | 100% | 1,98,56,272 | 100% |
| 6 | चंडीगढ़ | 85,109 | 100% | 84,790 | 100% |
| 7 | छत्तीसगढ | 55,41,340 | 100% | 55,38,586 | 100% |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 58,865 | 100% | 58,865 | 100% |
| 9 | दिल्ली | 17,39,991 | 100% | 17,39,991 | 100% |
| 10 | गोवा | 1,29,706 | 100% | 1,29,674 | 100% |
| 11 | गुजरात | 78,67,399 | 100% | 78,52,126 | 100% |
| 12 | हरियाणा | 51,78,041 | 100% | 51,78,041 | 100% |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 7,39,713 | 100% | 7,39,713 | 100% |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 16,60,560 | 100% | 16,60,544 | 100% |
| 15 | झारखंड | 61,07,699 | 100% | 60,56,316 | 99% |
| 16 | कर्नाटक | 1,13,12,463 | 100% | 1,13,12,463 | 100% |
| 17 | केरल | 41,80,301 | 100% | 41,78,649 | 100% |
| 18 | लद्दाख | 29,820 | 100% | 29,748 | 100% |
| 19 | लक्षद्वीप | 5,442 | 100% | 5,439 | 100% |
| 20 | मध्य प्रदेश | 1,29,67,736 | 100% | 1,29,63,729 | 100% |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 21 | महाराष्ट्र | 1,65,53,788 | 100% | 1,65,53,386 | 100% |
| 22 | मणिपुर | 5,74,883 | 100% | 5,72,507 | 100% |
| 23 | मेघालय | 4,16,743 | 100% | 3,03,955 | 73% |
| 24 | मिजोरम | 1,75,815 | 100% | 1,75,436 | 100% |
| 25 | नगालैंड | 3,43,539 | 100% | 3,35,922 | 98% |
| 26 | ओडिशा | 94,69,934 | 100% | 94,14,580 | 99% |
| 27 | पुदुचेरी | 2,06,284 | 100% | 2,06,028 | 100% |
| 28 | पंजाब | 41,78,777 | 100% | 41,78,402 | 100% |
| 29 | राजस्थान | 1,07,54,233 | 100% | 1,07,37,766 | 100% |
| 30 | सिक्किम | 97,054 | 100% | 97,010 | 100% |
| 31 | तमिलनाडु | 1,13,58,825 | 100% | 1,13,58,789 | 100% |
| 32 | तेलंगाना | 54,66,322 | 100% | 54,66,322 | 100% |
| 33 | त्रिपुरा | 6,07,755 | 100% | 6,07,386 | 100% |
| 34 | उत्तराखंड | 13,97,008 | 100% | 13,96,941 | 100% |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 3,56,62,651 | 100% | 3,56,60,705 | 100% |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1,39,33,490 | 100% | 1,39,27,085 | 100% |
| | राष्ट्रीय सारांश | 20,50,65,184 | 100% | 20,46,74,187 | 99.8% |

*****